Ans. (c) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के जिलों में जनसंख्या घनत्व का घटता हुआ क्रम है–जयपुर (595), भरतपुर (503), दौसा (476), अलवर (438)। राजस्थान राज्य का जनघनत्व 200 है। भारत का जनघनत्व 382 है।

1276. निम्नांकित युग्म जिलों में से कौन सा युग्म राजस्थान में सर्वाधिक लिंगानुपात एवं सबसे कम लिंगानुपात की दृष्टि से जनगणना 2011 के आधारनुसार सही है?

(a) डूंगरपुर – धौलपुर
(b) जयपुर – धौलपुर
(c) डूंगरपुर – कोटा
(d) जोधपुर – बाड़मेर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (a) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के डूंगरपुर जिले का लिंगानुपात सर्वाधिक (994) तथा धौलपुर जिले का लिंगानुपात न्यूनतम (846) है। राजस्थान राज्य का लिंगानुपात 928 है जबकि भारत का लिंगानुपात 943 है।

1277. निम्नलिखित में से 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या से सम्बन्धित सही है/हैं?

(a) बच्चों का लिंगानुपात -888
(b) महिला साक्षरता का प्रतिशत-52.1
(c) अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत-16.9
(d) नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत-25.1

कूट:

(a) (A)और (B) सही
(b) (C) और (D) सही
(c) (A), (B) और (C) सही
(d) (B), (C) और (D) सही

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (a) : वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या में बाल लिंगानुपात 888 एवं कुल लिंगानुपात 928 है। राजस्थान की साक्षरता दर 66.1 प्रतिशत है जिसमें पुरूष साक्षरता दर 79.2 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता दर 52.1 प्रतिशत है। राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 13.5 है जबकि नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 24.9 है।

1278. 2001 से 2011 के मध्य निम्न में से किस जिले में अनुसूचित जनजाति की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर अधिकतम अंकित की गई है?

(a) बाँसवाड़ा (b) नागौर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (b) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1279. जनगणना-2011 के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

(a) 13.5% (b) 14.6%
(c) 16.8% (d) 12.5%

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (a) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 13.48 है। जबकि भारत में यह 8.6प्रतिशत है। दिये गये विकल्प में (a) निकटतम सही उत्तर है।

1280. जनगणना 2001 एवं 2011 के मध्य, राजस्थान के किन जिलों में लिंगानुपात में कमी आई है?

(a) राजसमन्द एवं चूरू (b) अजमेर एवं धौलपुर
(c) अजमेर एवं झालावाड़ (d) धौलपुर एवं झालावाड़

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : जनगणना 2001 एवं 2011 के मध्य, राजस्थान के राजसमन्द एवं चुरू जिलों में लिगांनुपात में कमी आयी है। वर्ष 2001 में राजसमंद का लिंगानुपात 1000 था जो वर्ष 2011 में घटकर 990 हो गया जबकि चुरू में 2001 में 948 था जो 2011 में घटकर 940 हो गया।

1281. राजस्थान के कौन से जिले में वर्ष 2001-11 अवधि में महिला जनसंख्या में दशकीय वृद्धि दर न्यूनतम रही है?

(a) श्रीगंगानगर (b) पाली
(c) झुन्झुनू (d) हनुमानगढ़

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : जनगणना 2001-11की अवधि में राजस्थान में महिला जनसंख्या में न्यूनतम दशकीय वृद्धि दर वाला जिला श्रीगंगानगर है। राजस्थान में सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि वाला जिला बाड़मेर है।

1282. राजस्थान की जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला कौन सा है?

(a) कोटा (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) जोधपुर

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाले राजस्थान के जिले निम्न हैं-

कोटा	-	65.9%
जयपुर	-	64.0%
झुंझुनू	-	61.0%
गंगानगर	-	59.7%

1283. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौन से जिलों में 100 से कम जनसंख्या घनत्व है?

(a) जैसलमेर, चुरू, बीकानेर
(b) बीकानर, बाड़मेर, पाली
(c) बाड़मेर, बारां, हनुमानगढ़
(d) जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (d) 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के 3 जिलों में 100 से कम जनसंख्या घनत्व है, जो निम्न है-
जैसलमेर - 17/वर्ग किमी.
बीकानेर - 78/वर्ग किमी.
बाड़मेर - 92/वर्ग किमी.

1284. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में साक्षरता दर सर्वाधिक पाई गई है। जिलों का ज्यादा से कम साक्षरता दर के सही क्रम में चिह्नित कीजिए-

(a) सीकर, जयपुर, झुंझुनूं, अलवर, कोटा
(b) कोटा, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, अलवर
(c) अलवर, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, कोटा
(d) जयपुर, कोटा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं

LDC Exam 09.08.2018